रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 46] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 15—नवम्बर 21, 2008 (कार्तिक 24, 1930)

No. 46] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 15—NOVEMBER 21, 2008 (KARTIKA 24, 1930)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं 1343

भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं 1039

भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं 15

भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं ... 187

भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम ..... *

भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ ..... *

भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट ..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं) ..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं ..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं) ..... *

भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश ..... *

भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं 7223

भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस 513

भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं ..... *

भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं 9149

भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस 483

भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक ..... *

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

PART I—SECTION 1—Notifications relating to New Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 1343

PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 1039

PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence 15

PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence 1871

PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations ..... *

PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi Languages of Acts, Ordinances and Regulations ..... *

PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills ..... *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules including Orders, Bye-Laws etc. of general character issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ..... *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ..... *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders including Bye-laws of a general character issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories) ..... *

PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence ..... *

PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India 7223

PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs 513

PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners ..... *

PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 9149

PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies 483

PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi ..... *

*Pages not received

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 अगस्त 2008

सं. 99-प्रेज/2008--राष्ट्रपति, कैप्टन कुलदीप सिंह (आईसी-63517), सेना मेडल, डोगरा रेजिमेंट/62 राष्ट्रीय राइफल को असाधारण साहसपूर्ण कार्यों के लिए "सेना मेडल/आर्मी मेडल का बार" प्रदान करने का अनुमोदन करती हैं।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 100-प्रेज/2008--राष्ट्रपति, निम्नलिखित कार्मिकों को उनके असाधारण साहसपूर्ण कार्यों के लिए "सेना मेडल/आर्मी मेडल" प्रदान करने का अनुमोदन करती है :--

1. आईसी-51853 लेफ्टि. कर्नल कल्लियाड तापत्तुवीट्टिल गोपाला क्रिष्णान, महार रेजिमेंट/30 राष्ट्रीय राइफल
2. आईसी-54442 मेजर ईशान दलाल, ग्रेनेडियर्स/29 राष्ट्रीय राइफल
3. आईसी-56327 मेजर संग्राम सिंह राठौड़, सेना सेवा कोर/55 राष्ट्रीय राइफल
4. आईसी-56333 मेजर अजय कुमार, 4 सिख लाइट इन्फैंट्री
5. आईसी-56350 मेजर बल बहादुर पुन, 2/8 गोरखा राइफल
6. आईसी-57611 मेजर अवनीत सिंह कपूर, 6 राजपूत रेजिमेंट
7. आईसी-58923 मेजर विजय सती, कवचित रेजिमेंट/24 असम राइफल
8. आईसी-59138 मेजर अनिमेष जटराना, 4 राजपूताना राइफल्स
9. आईसी-59470 मेजर मनोज अरूपारायिल पोथन, 4 सिख लाइट इन्फैंट्री
10. आईसी-59684 मेजर सुदीप माजी, 14 बिहार रेजिमेंट
11. आईसी-60492 मेजर सुखदेव सिंह नागियाल, सेना वायु रक्षा/34 असम राइफल
12. आईसी-60780 मेजर तरुण शर्मा, ब्रिगेड ऑफ दि गार्ड्स/46 राष्ट्रीय राइफल

13. आईसी-60984 मेजर [illegible] हरनाल, मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री/20 राष्ट्रीय राइफल

14. आईसी-61356 मेजर [illegible] सिंह, तोपखाना रेजिमेंट/52 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

15. आईसी-62699 मेजर [illegible] कुमार सिंह, ग्रेनेडियर्स/55 राष्ट्रीय राइफल

16. आईसी-64915 मेजर [illegible] शर्मा, तोपखाना रेजिमेंट/72 फील्ड रेजिमेंट

17. आईसी-65182 मेजर राहुल बडोला, सेना वायु रक्षा/58 राष्ट्रीय राइफल

18. आईसी-65357 मेजर [illegible] चौहान, सेना सेवा कोर/57 राष्ट्रीय राइफल

19. एसएस-40391 मेजर [illegible] राई, 11 गोरखा राइफल/44 असम राइफल

20. आईसी-62161 कैप्टन [illegible] शर्मा, 2 पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल)

21. आईसी-62630 कैप्टन विवेक कुट्टीपरम्बिल गोपालकृष्णन, राजपूताना राइफल/57 राष्ट्रीय राइफल

22. आईसी-63531 कैप्टन चेतन विजय धवड़, इंजीनियर्स कोर/18 असम राइफल

23. आईसी-63547 कैप्टन [illegible] सिंह, राजपूताना राइफल/9 राष्ट्रीय राइफल

24. आईसी-63850 कैप्टन [illegible] सागर, 21 जाट रेजिमेंट

25. आईसी-64123 कैप्टन [illegible] प्रसाद द्विवेदी, तोपखाना रेजिमेंट/172 फील्ड रेजिमेंट

26. आईसी-64610 कैप्टन [illegible] शर्मा, तोपखाना रेजिमेंट/17 पैराशूट फील्ड रेजिमेंट

27. आईसी-64749 कैप्टन [illegible] कादियान, इंजीनियर्स कोर/15 राष्ट्रीय राइफल

28. आईसी-65540 कैप्टन [illegible] जिमकेल्ली, मितेई, महार रेजिमेंट/7 असम राइफल

29. आईसी-66968 कैप्टन [illegible] जीत सिंह, 8 सिख रेजिमेंट

30. आईसी-67869 कैप्टन सपकाल विनायक रामाचन्द्रा, 11 सिख लाइट इन्फैंट्री

31. आईसी-67896 लेफ्टिनेंट परिक्षीत शर्मा, 3/11 गोरखा राइफल

32. आईसी-69356 लेफ्टिनेंट ऋषिकेश संजय पुरानिक, इलेक्ट्रिकल एण्ड मेकेनिकल इंजीनीयरिंग/11 ब्रिगेड ऑफ दि गार्ड्स

33. एसएस-41865 लेफ्टिनेंट मनविन्दर बाली, सेना सेवा कोर, 8 सिख रेजिमेंट

34. एसएस-41936 लेफ्टिनेंट विक्रम विजय, 11 ब्रिगेड ऑफ दि गार्ड्स

35. एससी-00494 लेफ्टिनेंट राम गोपाल सिंह, सेना सेवा कोर/6 ग्रेनेडियर्स

36. जेसी-539664 सूबेदार मुकेश कुमार, कुमाऊं रेजिमेंट/50 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

37. जेसी-520316 नायब सूबेदार नेत्तर सिंह, 17 डोगरा रेजिमेंट

38. 2681308 हवलदार मेहबूब खान, 14 ग्रेनेडियर्स

39. 2889992 हवलदार ओम सिंह शेखावत, राजपूताना राइफल/57 राष्ट्रीय राइफल

40. 2988583 हवलदार जाहर सिंह, 24 राजपूत रेजिमेंट

41. 2993593 हवलदार श्रीकृष्ण शर्मा, 16 राजपूत रेजिमेंट

42. 3185119 हवलदार नेम सिंह, 6 जाट रेजिमेंट

43. 4069080 हवलदार नरेन्द्र सिंह, 7 गढ़वाल राइफल

44. 4471878 हवलदार स्वर्ण सिंह, 11 सिख लाइट इन्फैंट्री

45. 5753143 हवलदार अनूप गुरुंग, 2/8 गोरखा राइफल

46. 4269956 लांस हवलदार जगदीश कुमार, 14 बिहार रेजिमेंट

47. 2689335 नायक [illegible] सिंह, 14 ग्रेनेडियर्स

48. 2889129 नायक [illegible] कुमार, 9 राजपूताना राइफल्स (मरणोपरांत)

49. 4074539 नायक [illegible] सिंह, 7 गढ़वाल राइफल्स

50. 4274761 नायक [illegible], बिहार रेजिमेंट/24 राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)

51. 9421022 नायक पदम बहादुर राई, 7/11 गोरखा राइफल्स

52. 13621009 नायक [illegible] सिंह शेखावत, 10 पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल)

53. 13622134 नायक माने संजय आनन्दा, 2 पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल)

54. 13697733 नायक [illegible], ब्रिगेड ऑफ दि गार्ड्स/61 राष्ट्रीय राइफल्स

55. 13698305 नायक पवन कुमार, ब्रिगेड ऑफ दि गार्ड्स/61 राष्ट्रीय राइफल्स

56. 14806143 नायक [illegible] सिंह, 519 सेना सेवा कोर बटालियन

57. 2690219 लांस नायक [illegible] सिंह, ग्रेनेडियर्स/39 राष्ट्रीय राइफल्स

58. 2690654 लांस नायक [illegible] कुमार, ग्रेनेडियर्स/39 राष्ट्रीय राइफल्स

59. 2999868 लांस नायक [illegible] कुमार, राजपूत रेजिमेंट/44 राष्ट्रीय राइफल्स

60. 3995152 लांस नायक [illegible] सिंह, डोगरा रेजिमेंट/62 राष्ट्रीय राइफल्स

61. 4087082 लांस नायक [illegible], 7 गढ़वाल राइफल्स

62. 4192197 लांस नायक [illegible] सिंह, 19 कुमाऊं रेजिमेंट

63. 9103431 लांस नायक [illegible] अहमद वानी, जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री/62 राष्ट्रीय राइफल्स

64. 2495191 सिपाही बलजिन्द्र सिंह, पंजाब रेजिमेंट/37 राष्ट्रीय राइफल

65. 2806742 सिपाही कोरे प्रविणकुमार सुदाम, 9 मराठा लाइट इन्फैंट्री (मरणोपरांत)

66. 2998482 सिपाही भुपेन्द्र सिंह, 6 राजपूत रेजिमेंट

67. 3196554 सिपाही शिव पाल सिंह, 16 जाट रेजिमेंट

68. 4274292 सिपाही मनोज कुमार राय, बिहार रेजिमेंट/47 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

69. 4368537 सिपाही बुद्धासेन देब बर्मा, 12 असम रेजिमेंट

70. 12944267 सिपाही नूर हुसैन, 159 इन्फैंट्री बटालियन (टीए) (एच एंड एच) डोगरा/11 राष्ट्रीय राइफल

71. 12984439 सिपाही मुजफर अहमद भट, सिख लाइट इन्फैंट्री/55 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

72. 9102870 राइफलमैन अब्दुल रज्जाक लोन, 3 जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री

73. 9106528 राइफलमैन मोहम्मद यासीन मैप्नो, जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री/44 राष्ट्रीय राइफल

74. 12964240 राइफलमैन सैयद जहूर अहमद, 161 इन्फैंट्री बटालियन (टीए) (एच एंड एच) जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री/30 राष्ट्रीय राइफल

75. 12964608 राइफलमैन मंजूर अहमद मथन्जी, 161 इन्फैंट्री बटालियन (टीए) (एच एंड एच) जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री/30 राष्ट्रीय राइफल

76. 13764823 राइफलमैन रोशन लाल, 9 जम्मू-कश्मीर राइफल्स

77. 13766099 राइफलमैन अशवनी कुमार, 9 जम्मू-कश्मीर राइफल्स

78. 13767947 राइफलमैन हरेन्द्र सिंह, जम्मू-कश्मीर राइफल्स/52 राष्ट्रीय राइफल्स

79. जी 3201094 राइफलमैन एम राम जानी, 32 असम राइफल्स

80. जी 5003869 राइफलमैन के. थोंगमिन नाग खोंगसाइ, 34 असम राइफल्स

81. जी 5006894 राइफलमैन ... न्यायसी, 15 असम राइफल्स

82. 15617069 गार्ड्समैन संदीप यादव, ब्रिगेड ऑफ दि गार्ड्स/21 राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)

83. 15617486 गार्ड्समैन मदन कांच, 11 ब्रिगेड ऑफ दि गार्ड्स

84. 2693120 ग्रेनेडियर मनोज कुमार सिंह, ग्रेनेडियर्स/29 राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)

85. 2695045 ग्रेनेडियर हुकम सिंह मीणा, ग्रेनेडियर्स/29 राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)

86. 2699903 ग्रेनेडियर मोहनलाल सिंह राजपूत, ग्रेनेडियर्स/12 राष्ट्रीय राइफल्स

87. 15478105 सवार मुकेश पांडी, कवचित रेजिमेंट/14 राष्ट्रीय राइफल्स

वरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

संख्या 101-प्रेज/2008 — राष्ट्रपति, निम्नलिखित कार्मिकों को उनके असाधारण साहसपूर्ण कार्यों के लिए **"नौसेना मेडल/नेवी मेडल"** प्रदान करने का अनुमोदन करती हैं :-

1. कमांडर परमवीर सिंह मिढ़ु (03974-एफ)

2. लेफ्टिनेंट कमांडर राजीव कुमार बाली, (05013-टी)

3. लेफ्टिनेंट कमांडर श्वेत कुमार, (42139-डब्ल्यु) (मरणोपरांत)

4. दीपक शिवदान, सी I, (211153-एन) (मरणोपरांत)

5. एफ चार्ल्स आर कुमार, एल एम ई आर ए II, (193532-वाई)

6. पंकज कुमार, एल एम ई, (124525-एन)

वरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

संख्या 102-प्रेज/2008 - राष्ट्रपति विंग कमांडर हरविन्दर संधू (20447) उड़ान (पायलट) को असाधारण साहसपूर्ण कार्यों के लिए **"वायुसेना मेडल/एयरफोर्स मेडल"** प्रदान करने का अनुमोदन करती हैं ।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

संख्या 103-प्रेज/2008 - राष्ट्रपति, **सेनाध्यक्ष** से **रक्षा मंत्री** द्वारा प्राप्त निम्नलिखित अफसरों/कार्मिकों के लिए **"मेंशन इन डिस्पैचिज़"** हेतु उनके नाम भारत के राजपत्र में प्रकाशित करने हेतु आदेश देती हैं:-

ऑपरेशन रक्षक

1. आईसी-46609 लेफ्टि.कर्नल सुन्दरेसन आर, राजपूत रेजिमेंट, 10 राष्ट्रीय राइफल्स
2. आईसी-54036 मेजर सुमित मलहान, सेना मेडल, इंजीनियर्स, 44 राष्ट्रीय राइफल्स
3. आईसी-56444 मेजर विक्रम राजेभोसले, मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री, 26 राष्ट्रीय राइफल्स
4. आईसी-56620 मेजर मनिन्द्र पाल सिंह, सिख रेजिमेंट, 16 राष्ट्रीय राइफल्स
5. आईसी-58267 मेजर हिमांशु भटनागर, तोपखाना रेजिमेंट, 62 राष्ट्रीय राइफल्स
6. आईसी-61551 मेजर अर्थ कुक्रेती, कर्वाचित कोर, 8 राष्ट्रीय राइफल्स
7. आईसी-62525 मेजर दलबीर सिंह रावत, कर्वाचित कोर, 8 राष्ट्रीय राइफल्स
8. आईसी-62659 मेजर सुनिल कुमार, सेना वायु रक्षा, 10 राष्ट्रीय राइफल्स
9. आईसी-63077 मेजर अमित कुमार सिहाग, 24 राजपूत रेजिमेंट
10. आईसी-64906 मेजर हर्षवीर सिंह, पैराच्यूट रेजिमेंट, 26 राष्ट्रीय राइफल्स
11. आईसी-61622 कैप्टन हर्ष वर्धन शर्मा, तोपखाना रेजिमेंट, 11 राष्ट्रीय राइफल्स
12. आईसी-61804 कैप्टन पीयूष यादव, इंटेलिजेंस, 15 सी आई एस यूनिट
13. आईसी-63676 कैप्टन अभिषेक सिंह मौर्या, सिगनल्स, 11 राष्ट्रीय राइफल्स
14. आईसी-64677 कैप्टन शशांक शरद जोशी, सिगनल्स, 62 राष्ट्रीय राइफल्स
15. जेसी-240354 सूबेदार विश्वानाथ राव पवार, कर्वाचित कोर, 55 राष्ट्रीय राइफल्स
16. जेसी-429306 सूबेदार शेर सिंह, पंजाब रेजिमेंट, 22 राष्ट्रीय राइफल्स
17. जेसी-429694 सूबेदार रविन्द्र सिंह, पंजाब रेजिमेंट, 37 राष्ट्रीय राइफल्स
18. 2481347 हवलदार गुर्मेल सिंह, पंजाब रेजिमेंट, 22 राष्ट्रीय राइफल्स
19. 2986704 हवलदार राकेश सिंह तोमर, राजपूत रेजिमेंट, 10 राष्ट्रीय राइफल्स
20. 9088858 हवलदार मदन गोपाल, 8 जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री
21. 9094429 हवलदार चुन्नी लाल, जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री, 55 राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)
22. 9418974 हवलदार हाइदीप राई, शौर्य चक्र, 3/11 गोरखा राइफल्स

23. 15107648 हवलदार [illegible] ब्रह्मा, तोपखाना रेजिमेंट, 62 राष्ट्रीय राइफल्स
24. 1084079 दफादार [illegible] सिंह, कवचित कोर, 4 राष्ट्रीय राइफल्स
25. 2790606 लांस हवलदार कसकर पांडुरंग महादेव, 9 मराठा लाइट इन्फैंट्री
26. 2792293 नायक [illegible] आर बी, 9 मराठा लाइट इन्फैंट्री
27. 2889868 नायक [illegible] सिंह, 9 राजपूताना राइफल्स (मरणोपरांत)
28. 5453280 नायक केश बहादुर घाले, 5 गोरखा राइफल्स (फ्रंटियर फोर्स) 33 राष्ट्रीय राइफल्स
29. 3398840 लांस नायक [illegible] सिंह, सिख रेजिमेंट, 16 राष्ट्रीय राइफल्स
30. 12944663 लांस नायक निसार अहमद, 159 इन्फैंट्री बटालियन (टीए) (एच एंड एच), डोगरा, 10 राष्ट्रीय राइफल्स
31. 2492330 सिपाही [illegible] सिंह, पंजाब रेजिमेंट, 22 राष्ट्रीय राइफल्स
32. 3000738 सिपाही [illegible], राजपूत रेजिमेंट, 23 राष्ट्रीय राइफल्स
33. 4005815 सिपाही [illegible] कुमार शर्मा, 17 डोगरा रेजिमेंट
34. 9106517 राइफलमैन मोहम्मद मुश्ताक मीर, जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री, 1 राष्ट्रीय राइफल्स
35. 16012294 राइफलमैन अशोक कुमार, 9 राजपूताना राइफल्स (मरणोपरांत)
36. 15323810 सैपर [illegible] कुमार रेड्डी वेल्लौला, इंजीनियर्स, 1 राष्ट्रीय राइफल्स
37. 15330548 सैपर [illegible] पेरूनथलैर, इंजीनियर्स, 1 राष्ट्रीय राइफल्स
38. 14444199 गनर [illegible] कुमार, तोपखाना रेजिमेंट, 32 राष्ट्रीय राइफल्स
39. 15775928 गनर [illegible] खान, सेना वायु रक्षा, 58 राष्ट्रीय राइफल्स

ऑपरेशन हिफाजत

40. आईसी-68426 मेजर फ्रांसिस चन्द्रामोहन, इएमई, 8 सिख रेजिमेंट
41. 3399679 लांस नायक [illegible] सिंह, 8 सिख रेजिमेंट
42. 3408083 सिपाही [illegible] सिंह, 8 सिख रेजिमेंट

परियोजना जरांज, अफगानिस्तान

43. 950120025 ईएमक्यू मनोज कुमार सिंह, जीआरईएफ, मुख्यालय(पी) जरांज, अफगानिस्तान (मरणोपरांत)
44. जीएस-170936 सुपरवाइजर महेन्द्र प्रताप सिंह, जीआरईएफ, 759 बीआरटीएफ (मरणोपरांत)
45. 15567639 सैपर [illegible], इंजीनियर्स, 85 सड़क निर्माण कंपनी (मरणोपरांत)
46 जीएस-160047 [illegible] गोविन्दास्वामी, जीआरईएफ, 759 बीआरटीएफ (मरणोपरांत)
47. 897040148 ड्राइवर [illegible], जीआरईएफ, 23 बीआरटीएफ (मरणोपरांत)

वरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

संख्या 104-प्रेस/2008 - राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनकी उत्कृष्ट बहादुरी के लिए **"अशोक चक्र"** से सम्मानित करने की स्वीकृति प्रदान करती हैं :-

1. **श्री आर.पी.डेंगडोह,**
मेघालय पुलिस (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 07 नवंबर 2007)

06 नवंबर 2007 को सूचना मिली कि एके 47, एके 56 राइफलों तथा बड़ी मात्रा में विस्फोटकों से लैस दो प्रतिबंधित उग्रवादी गुटों के लगभग दस काडरों ने असम की सीमा से लगे मेघालय के घने जंगलों में एक कैंप स्थापित कर रखा था ।

श्री आर.पी. डेंगडोह ने उग्रवादियों के विरुद्ध तलाशी तथा विनाश ऑपरेशनों में स्वेच्छा से नेतृत्व प्रदान किया । 07 नवंबर 2007 को सूर्योदय से पहले पुलिस दल मौके पर पहुँचा तथा उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए कैंप पर धावा बोल दिया । उग्रवादियों ने धावा दल पर भारी गोलीबारी कर दी । श्री डेंगडोह ने भी बदले में गोली चलाई और एक उग्रवादी को मौके पर ही मार गिराया । तथापि, उनके बाएं कंधे के ठीक नीचे एक गोली लग गई । अपनी गंभीर चोट की परवाह किए बिना अफसर असाधारण बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए अपने दल का नेतृत्व करते रहे और इस प्रकार दो दुर्दांत उग्रवादियों को पकड़ने में कामयाब रहे । शेष उग्रवादी भारी गोलीबारी की आड़ लेकर कैंप छोड़कर भागने का प्रयास करने लगे । श्री डेंगडोह ने चिकित्सा सहायता हेतु ले जाने के लिए मना करते हुए उन्हें पकड़ने के लिए बड़े साहस से उग्रवादियों का पीछा किया। तथापि, गंभीर चोट के कारण वे बाद में वीरगति को प्राप्त हो गए ।

श्री आर.पी. डेंगडोह ने अनुकरणीय कर्त्तव्यपरायणता और उत्कृष्ट वीरता का प्रदर्शन किया और उग्रवादियों से लड़ते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया ।

2. **सहायक कमांडेंट श्री प्रमोद कुमार सतपथी, विशेष ऑपरेशन ग्रुप के ट्रेनिंग इंचार्ज**
उड़ीसा राज्य सशस्त्र पुलिस (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 16 फरवरी 2008)

15 फरवरी 2008 को रात्रि में 10 बजकर 30 मिनट पर हथियारों से पूरी तरह से लैस पांच सौ से अधिक नक्सलियों ने भुवनेश्वर के समीप कई जगहों पर पुलिस बल के ऊपर एक साथ हमला किया तथा 1200 से अधिक हथियार लूट लिए और 14 पुलिस कर्मियों को मार डाला । घटना को अंजाम देने के बाद 300 से अधिक नक्सली गंजम और फुलबानी जिलों के बाहरी क्षेत्र के जंगलों की ओर लौट गए ।

सहायक कमांडेंट प्रमोद कुमार सतापथी, विशेष ऑपरेशन ग्रुप, चांदका में कुल 20 उपलब्ध कर्मियों के साथ नयागढ़ की ओर तुरंत निकल पड़े । उन्होंने फौरन एक योजना बनाई और अपने दल के साथ जंगल में घुस गए । नक्सलियों ने जंगल के भीतर एक ऊंची जगह पर मोर्चा संभाल रखा था । लक्षित क्षेत्र में पहुंचने के बाद श्री सतापथी ने नक्सलियों पर धावा बोल दिया । नक्सलियों ने पुलिस दल पर भारी गोलीबारी की और लगभग दो घंटे तक एक भीषण मुठभेड़ चली। श्री सतापथी ने अनुकरणीय बहादुरी के साथ ऑपरेशन का नेतृत्व किया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया। बाद में मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार व गोलाबारूद बरामद किया गया ।

वरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

संख्या 105-प्रज/2008 - राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनकी अदम्य वीरता के लिए **"कीर्ति चक्र"** की स्वीकृति प्रदान करती हैं :-

1. **एससी-00134 मेजर सुशील कुमार सिंह, बिहार रेजिमेंट/63 राष्ट्रीय राइफल**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 13 सितंबर 2007)

जम्मू-कश्मीर के आम इलाके में चार दुर्दांत आतंकवादियों के आने के बारे में प्राप्त खुफिया सूचना के आधार पर मेजर सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में सेना की एक टुकड़ी 11 सितंबर 2007 को भेजी गई। इस टुकड़ी ने पूरी गोपनीयता के साथ खराब मौसम के बावजूद लगभग 48 घंटे तक लक्ष्य क्षेत्र में छोटी-छोटी टीमों में अपने को तैनात रखा। 13 सितंबर 2007 को तकरीबन 1900 बजे अफसर ने देखा कि ढोक के पास आतंकवादी धीरे-धीरे एकत्रित हो रहे हैं। उसने उनके भागने के सभी रास्तों को बंद करते हुए अपनी छोटी-छोटी टुकड़ियों को पुनः संगठित कर लिया। अपने को घिरा पाकर आतंकवादी अंधाधुंध गोलियां चलाने लगे। अधिकारी ने सूझबूझ प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपने सिपाहियों को आदेश दिया कि वे गोलाबारी की आड़ उपलब्ध कराएं। इस दौरान अपनी जान की परवाह न करते हुए वे आगे बढ़े और दो दुर्दांत आतंकवादियों को मौके पर ही मार गिराया। इसी दरम्यान दो और आतंकवादियों ने घनी झाड़ियों का इस्तेमाल करते हुए भागने की कोशिश की। अधिकारी ने सर्वोच्च बहादुरी दिखाते हुए भाग रहे आतंकियों का पीछा किया और इस तरह दोनों आतंकवादियों का सफाया कर दिया।

मेजर सुशील कुमार सिंह ने आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई में अनुकरणीय नेतृत्व और अदम्य साहस का प्रदर्शन किया।

2. **आईसी-65167 मेजर नुंलेप्पम बुद्धिमन्ता सिंह, सेना मेडल, राजपूत रेजिमेंट/32 असम राइफल**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 03 अक्तूबर 2007)

राजनीतिक एवं सामाजिक रूप से अति संवेदनशील वातावरण में रहते हुए भी मेजर नुंलेप्पम बुद्धिमन्ता सिंह ने मणिपुर में एक कारगर खुफिया तंत्र बनाया और सावधानीपूर्वक योजना के तहत अपनी सैन्य टुकड़ी को खरोंच तक न लगने दी। उन्होंने मानव मूल्यों का उल्लंघन किए बिना तथा बिना किसी अन्य नुकसान के 10 दुर्दांत आतंकवादियों का सफाया करने में सतत रूप से अपनी टुकड़ी का नेतृत्व किया।

एक के बाद एक ऑपरेशन करके अफसर ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना आगे से मोर्चा संभाले हुए इस अवैध ग्रुप के दो दुर्दान्त आतंकवादियों पर टूट पड़े और इस भीषण मुठभेड़ में 01 जुलाई 2007 को उन्हें मार गिराया । अपने लक्ष्य से विचलित हुए बिना उन्होंने 18 व 28 अगस्त 2007 को शत्रु की अंधाधुंध भारी गोलाबारी के बीच अकेले ही बहुत ही कुख्यात और खूंखार आतंकवादी दल के दो दुर्दांत आतंकवादियों को मार गिराया । 03 अक्तूबर 2007 को फिर से अपनी हिफाज़त की परवाह किए बिना उन्होंने एक साहसिक ऑपरेशन में भाग रहे आतंकवादियों का पीछा किया । भीषण गोलाबारी तथा हथगोलों के प्रक्षेपण के बाद यह अफसर आगे बढ़े तथा अकेले ही दो दुर्दांत आतंकवादियों को मार गिराया और उनके कब्जे से अत्याधुनिक हथियारों और गोलाबारूद का जखीरा बरामद कर लिया ।

मेजर नुंलेप्पम बुद्धिमन्ता सिंह, सेना मेडल ने इस प्रकार आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई में साहसिक नेतृत्व व उल्लेखनीय बहादुरी का प्रदर्शन किया ।

3. **एससी-00137 मेजर राजिन्दर कुमार शर्मा**
ग्रेनेडियर/32 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 06 अक्तूबर 2007)

मेजर राजिन्दर कुमार शर्मा ने सतर्क आयोजना के साथ, एक के बाद एक लक्ष्यभेदी ऑपरेशन करके लगातार अपनी कंपनी का नेतृत्व अग्रिम मोर्चे से किया ।

04 सितंबर 2007 को एक भीषण मुठभेड़ में भाग रहे आतंकवादियों का जोरदार पीछा किया गया । भारी गोलाबारी और ग्रेनेड से हमला होने के बावजूद अधिकारी ने खूंखार आतंकवादी सरगने के तीन दुर्दांत आतंकवादियों को मार गिराया और उनके कब्जे से दो एके राइफल व एक पिस्तौल बरामद कर लिया ।

06 अक्तूबर 2007 को, आमने-सामने हो रही शत्रु की भीषण गोलाबारी में यह अफसर डटे रहे और फंस हुए आतंकवादियों पर टूट पड़े । उसके बाद उन्होंने अकेले ही सरगने के दो बड़े आतंकवादियों को मार गिराया ।

मेजर राजिन्दर कुमार शर्मा ने इस प्रकार दुर्दांत आतंकवादियों का सफाया करने में उल्लेखनीय बहादुरी और अडिग साहस का परिचय दिया ।

4. **आईसी-64615 कैप्टन सुनील कुमार चौधरी, सेना मेडल**
7/11 गोरखा राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 27 जनवरी 2008)

कैप्टन सुनील कुमार चौधरी ने अपनी ओजस्विता के बल पर एक जोरदार खुफिया तंत्र स्थापित कर लिया था । 27 जनवरी 2008 को यह सूचना मिली कि असम राज्य के तिनसुकिया जिले के एक गांव में आतंकवादी मौजूद हैं। कैप्टन चौधरी ने स्वेच्छा से पहल की और अपनी टीम के साथ मिशन पर निकल पड़े

और गांव पहुंच गए। जब घेराबंदी की जा रही थी तभी आतंकवादी भागने की फिराक में एक घर में घुस गए और अंधाधुंध गोली चलाते हुए पास के जंगल की ओर भाग निकले।

कैप्टन चौधरी ने अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए लगातार गोलाबारी होने के बावजूद भाग रहे आतंकवादियों का पीछा किया और इस साहसपूर्ण कार्रवाई में एक आतंकवादी को मार गिराया। तत्पश्चात वे पीछा करते रहे और दूसरे आतंकवादी पर भी गोली चलाई और उनके पैर को घायल कर दिया। इस गोलाबारी में कैप्टन चौधरी को पेट में गंभीर चोट लग गई। सुरक्षित स्थान पर जाने से मना करते हुए उन्होंने आतंकवादियों से सम्पर्क स्थापित करने का निर्णय लिया। एक अन्य भाग रहे आतंकवादी का पीछा करते समय अचानक उनका आमना-सामना क्षेत्र के सबसे खूंखार आतंकवादी से हो गया। बहादुरी और हिम्मत का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए चोटों के कारण वीरगति को प्राप्त होने से पहले उन्होंने उस दुर्दांत आतंकवादी का काफी करीब जाकर गोली से मार गिराया।

कैप्टन सुनील कुमार चौधरी ने इस ऑपरेशन में असाधारण वीरता, उत्कृष्ट आक्रामक आत्मबल और कर्तव्यपरायणता से भी बढ़कर प्रदर्शन किया और आतंकवादियों से लड़ते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान किया।

5. **आईसी-50575 लेफ्टिनेंट कर्नल मनिश शशिकांत कदम**
पंजाब रेजिमेंट/22 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 16 मार्च 2008)

लेफ्टिनेंट कर्नल मनिश शशिकांत कदम जम्मू-कश्मीर में स्थित 22 राष्ट्रीय राइफल के सेकेन्ड-इन-कमांड थे।

16 मार्च 2008 को सूचना मिली थी कि बारामूला जिले के एक गांव में कुछ आतंकवादी मौजूद हैं। उन्होंने स्वयं ही अपनी टुकड़ी का नेतृत्व किया ताकि उनके ठिकाने वाले घर की घेराबंदी कर सकें। अपने को घिरा पाकर एक आतंकवादी ने घेराबंदी को उस समय तोड़ने की कोशिश की जब आतंकवादी ठिकाने व आस-पास के घरों से सिविलियनों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया जा रहा था। आतंकवादी ने टुकड़ी पर हमला करते हुए हमारे सैनिकों को घायल कर दिया। लेफ्टिनेंट कर्नल कदम ने स्थिति को संभाला और नागरिकों को हताहत होने से बचाने के लिए भाग रहे आतंकवादी के ऊपर जोरदार गोलीबारी कर दी और उसे घायल कर दिया। इसके बाद अफसर ने खून के निशानों का पीछा करते हुए आतंकवादी को पकड़ने के लिए फिर से घेराबंदी की। उसने अपने टुकड़ी को आदेश दिया कि वे उन्हें गोलीबारी की आड़ दें जबकि वह स्वयं घर के पास तक पहुंच गए जहां आतंकवादी छिपा हुआ था और उसने घर के अंदर हथगोला फेंक दिया। आतंकवादी ने धुंआधार गोली चलाते हुए अफसर की तरफ दो हथगोले फेंककर घेराबंदी को फिर से तोड़ डालने और भागने का प्रयास किया। अफसर ने सूझबूझ के साथ इस अवसर पर जवाबी कार्रवाई की और आतंकवादी को मार गिराया। किन्तु आतंकवादी द्वारा की गई गोलीबारी से अफसर की मौत हो गई। शिनाख्त किए जाने पर पता चला कि आतंकवादी इस घाटी में आतंकवादी संगठन का मुखिया था।

लेफ्टिनेंट कर्नल मनिश शशिकांत कदम ने आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई में अपने अदम्य साहस और उल्लेखनीय वीरता और उच्च कोटि के नेतृत्व का प्रदर्शन किया

6. **आईसी-31794 ब्रिगेडियर रवि दत्त मेहता**
इंटेलिजेंस कोर/भारतीय दूतावास, काबुल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 07 जुलाई 2008)

ब्रिगेडियर रवि दत्त मेहता ने भारतीय दूतावास, काबुल, अफगानिस्तान में रक्षा अताशे के रूप में अपनी नियुक्ति के पांच माह के अल्प काल में ही भारत-अफगानिस्तान के ऐतिहासिक एवं प्रगामी संबंधों को मजबूत बनाने में काफी योगदान दिया ।

आतंकवाद प्रभावी युद्ध घोषित क्षेत्र में रहते हुए तथा जान से मार दिए जाने की धमकियों से बेपरवाह उन्होंने अफगानिस्तानी सेना, सुरक्षा एजेंसियों तथा स्थानीय लोगों के साथ घनिष्ठ सहयोग का वातावरण बनाने में बिना रुके लगातार काम किया । इसके लिए उन्हें अकसर दूर-दराज के खतरनाक क्षेत्रों में भी जाना पड़ा। इस संवेदनशील पास पड़ोसी में उनके बहादुरी के कारनामों से राष्ट्रीय हितों को सुदृढ़ करने में सहयोग मिला।

सुरक्षा से जुड़े कामों के लिए जिम्मेदार होने के नाते इस अधिकारी को यह सूचना मिली कि आतंकवादी विस्फोटकों से लदे वाहनों का प्रयोग करके भारतीय दूतावास पर आत्मघाती हमला करने वाले हैं । इस पृष्ठभूमि में रोज की तरह दूतावास आकर अफसर ने अपनी दैनिक ड्यूटी शुरू करने से पहले सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की । 07 जुलाई 2008 को संभवत: इस रोजमर्रा की कवायद की वजह से आतंकवादियों ने विस्फोटकों से लदी गाड़ी से उनकी कार को टक्कर मार दी जिससे विस्फोट दूतावास के मुख्य भवन में न होकर उसके द्वार पर ही हो गया । अन्यथा मुख्य भवन पर विस्फोट आपदापूर्ण साबित हुआ होता।

अपनी जान की फिक्र न करते हुए, सख्त सुरक्षा जांच करके कर्त्तव्यपरायणता से भी बढ़कर काम करते हुए उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि समूचे दूतावास भवन को उड़ा देने की आतंकवादियों की चाल सफल न हो पाए । इस काम को अंजाम देने में यद्यपि उन्होंने अपना जीवन न्योछावर कर दिया किंतु राष्ट्र के जान-माल की भारी बर्बादी को होने से रोक दिया।

ब्रिगेडियर रवि दत्त मेहता ने बहादुरी तथा कर्त्तव्यपरायणता से आगे बढ़कर निस्वार्थ सेवा का प्रदर्शन किया और भारतीय सेना की उच्च परंपरा का निर्वाह करते हुए अपनी जान की कुर्बानी दी।

7. **श्री वी.वेंकटेश्वर राव**
काउंसलर, भारतीय दूतावास, काबुल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 07 जुलाई 2008)

श्री वी.वेंकटेश्वर राव ने 05 अगस्त 2006 को भारतीय दूतावास काबुल में कार्यभार ग्रहण किया था । अफगानिस्तान में मौजूद सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर स्थिति होने के बारे में जानकारी होने के बावजूद वे काबुल में तैनाती के लिए स्वेच्छा से आगे बढ़कर आए थे ।

अफगानिस्तान कठिनाइयों के दौर से गुजर रहा है । हिंसा व आतंकवाद चारों तरफ फैला हुआ है । अफगानिस्तान सरकार को भारत द्वारा लगातार राजनीतिक एवं आर्थिक मदद दिए जाने के चलते भारतीय राजनयिक विशेष रूप से निशाने पर हैं । ऐसी विकट परिस्थिति में भारतीय विदेश नीति को आगे बढ़ाने में श्री राव का योगदान वाकई उत्कृष्ट था । जान की धमकी मिलने के बावजूद भी श्री राव जो राजनीतिक एवं सूचना के कार्य से जुड़े थे कर्तव्यनिष्ठता से च्युत नहीं हुए और सौंपे गए काम को मुस्तैदी एवं बहादुरी से करते रहे । उन्होंने काम के प्रति उल्लेखनीय प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया तथा वे मेहनती भी थे । विकट कार्य परिस्थिति में भी वे साथ काम करने वालों का हौसला बुलंद करते रहे । 7.7.2008 को आतंकवादियों द्वारा किए गए निर्दयी हमले तक जिसमें वे दूतावास के चार अन्य अधिकारियों के साथ स्वयं भी मारे गए थे, उन्होंने भारत-अफगानिस्तान संबंधों को सुदृढ़ बनाने में भारी योगदान किया ।

श्री वी.वेंकटेश्वर राव ने कठिन परिस्थितियों में काम करने की उल्लेखनीय प्रतिबद्धता और अनूठे साहस का प्रदर्शन किया । धमकियों के बावजूद भी राष्ट्रीय हित को आगे बढ़ाने में अपने कर्त्तव्य का पालन करते हुए उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर भी राष्ट्र की सेवा की ।

8. **900150404 कांस्टेबल/जीडी अजय सिंह पठानिया (मरणोपरांत)**

एवं

9. **910140615 कांस्टेबल/जीडी रूप सिंह (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 07 जुलाई 2008)

वर्ष 2007 में कांस्टेबल अजय सिंह पठानिया और कांस्टेबल रूप सिंह का चयन अफगानिस्तान में भारतीय दूतावास, काबुल में आईटीबीपी की टुकड़ी के साथ एक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण कार्य के लिए किया गया । वे दोनों क्रमश: 20.01.08 और 13.2.08 को इस काम पर लिए गए थे।

07 जुलाई 2008 को कांस्टेबल रूप सिंह दूतावास के मुख्य द्वार पर स्लाइडिंग बैरियर की पहरेदारी कर रहे थे तथा कांस्टेबल अजय सिंह पठानिया मुख्य द्वार पर संतरी की ड्यूटी पर तैनात थे । 0830 बजे लैंड रोवर गाड़ी जिसमें रक्षा अताशे ब्रिगेडियर आर.डी.मेहता व काउंसलर श्री वी.वेंकटेश्वर राव बैठे थे, गेट के पास पहुंची । तभी कांस्टेबल अजय सिंह पठानिया ने पाया कि एक सफेद रंग की टोयोटा कोरोला उनकी लैंड रोवर गाड़ी के ठीक पीछे खड़ी है । कुछ समय से अफगानिस्तान में सेवा करने तथा आत्मघाती हमलों के इस तरह के तौर-तरीकों के बारे में पूर्णत: परिचित होने के कारण दोनों सिपाहियों ने यह संभावना जताई कि गाड़ी विस्फोटकों से भरी हो सकती है और आत्मघाती बम फेंकने वाला इसमें सवार हो सकता है । कांस्टेबल अजय सिंह पठानिया पीछे वाली कार की तरफ और शंकालु हो गए और कांस्टेबल रूप सिंह को आवाज दी कि वह स्लाइडिंग रेक्सा-बैरियर को न उठाए । कांस्टेबल रूप सिंह ने तत्परता से जवाब दिया और बैरियर को नहीं उठाया । इसी क्षण टोयोटा कोरोला लैंड रोवर से जा टकराई जिसके फलस्वरूप भारी विस्फोट हुआ जिसको

कांस्टेबल अजय सिंह पठानिया व कांस्टेबल रूप सिंह ने भारतीय दूतावास काबुल में भारी तबाही को टालते हुए अत्याधिक साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण तथा प्रेरणा एवं धैर्य का परिचय देते हुए राष्ट्र के सम्मान एवं संप्रभुता की रक्षा की ।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

संख्या 106-प्रेज/2008 - राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनकी उल्लेखनीय बहादुरी के लिए **"शौर्य चक्र"** की स्वीकृति प्रदान करती हैं :-

1. **13754936 नायक मोहम्द सादिक**
7 जम्मू-कश्मीर राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 05 जुलाई 2007)

नायक मोहम्द सादिक उस घातक दल के कमांडर थे जिसने उन आतंकवादियों की घेराबंदी कर रखी थी जो 05 जुलाई 2007 को नियंत्रण रेखा की चहारदीवारी को लांधकर अंदर घुस आया था । घुप अंधेरा होने के बावजूद वह डटा रहा और अपने घातक दल से गोली चलवाई और आतंकवादियों को भागने से रोके रखा । दिन के समय घनी झाड़ियां होने के बावजूद उसने दो आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली जो घेरा तोड़कर भागना चाहते थे । अपनी तात्कालिक सूझबूझ का परिचय देते हुए उसने अकेले ही बड़ी सफाई के साथ दोनों आतंकवादियों को मार गिराया ।

तत्पश्चात्, तलाशी के दौरान, एक आतंकवादी ने बड़े करीब से अचानक उस पर गोली चलाई। घायल होने पर भी अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए तथा अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना ही, वह आतंकवादी पर टूट पड़ा और उसके हथियार को ले लिया । फिर भी आतंकवादी ने अपने दूसरे हाथ से पिस्तौल निकाल ली और नायक मोहम्द सादिक के पैर में चोट पहुंचा दी । तथापि, बहादुरी, साहस एवं दृढ़ निश्चय का उत्कृष्ट मानदंड प्रदर्शित करते हुए वह उसे तब तक दबोचे रहा जब तक उसके साथी ने आतंकवादी को गोली नहीं मार दी ।

नायक मोहम्द सादिक ने तीन दुर्दांत आतंकवादियों का सफाया करने में सूझबूझ, धैर्य व दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया ।

2. **आईसी-58405 मेजर सुकेश वर्मा**
कवचित रेजिमेंट/4 असम राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 11 अगस्त 2007)

मेजर सुकेश वर्मा मणिपुर में बहुत ही बीहड़ क्षेत्र में ब्रेवो कंपनी की कमान संभाले हुए थे । 23 जून 2007 को अपनी द्रुत कार्रवाई टीम के साथ अधिकारी ने एक दुर्दांत आतंकवादी को पकड़ने के लिए नेशनल

हाईड 30 पर घेरा डाला । आतंकवादी इस फंदे में फंस गया लेकिन उसने सैनिकों पर अंधाधुंध फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की । अपने साथियों की सुरक्षा के प्रति खतरा देखकर मेजर सुकेश वर्मा ने अपनी जान की परवाह न करते हुए निर्भीकतापूर्वक आतंकवादी के ऊपर बहुत नजदीक से गोली दाग दी । मारे गए आतंकवादी की पड़ताल करने पर हथियार कराने की योजना का पता चला । अफसर ने आगे अनुवर्ती कार्रवाई की और 25 जून, 2007 को सीमा को पार कराते हुए (ट्रांसशिपमेंट) पकड़ा जो लगभग एक करोड़ रुपए के मूल्य का था ।

इसके बाद 11 अगस्त 2007 को, मेजर सुकेश वर्मा ने एक और विशेष ऑपरेशन चलाया, संदेह वाले क्षेत्र की छानबीन करने के दौरान उनकी टुकड़ी पर भारी गोलाबारी की गई । सामरिक कौशल का इस्तेमाल करते हुए मेजर सुकेश वर्मा अपने सैनिकों को कवर देने के लिए पीछे से बढ़कर आगे आए और जवाबी गोलीबारी की । लगातार भारी गोलीबारी से सैनिक भी विचलित हुए किन्तु वे स्वयं आतंकवादियों की ओर बढ़े तथा दो दुर्दांत आतंकवादियों को अकेले ही मार गिराया । आगे की गोलीबारी में तीसरा आतंकवादी भी मारा गया और उसके पास से भारी हथियार, गोलाबारूद व युद्ध सामग्री बरामद हुई ।

मेजर सुकेश वर्मा ने आतंकवादियों से लड़ने में उल्लेखनीय वीरता व उत्कृष्ट नेतृत्व के गुणों का प्रदर्शन किया।

3. **जेसी 841556 नायब सूबेदार कुलवंत सिंह**
रक्षा सुरक्षा कोर/21 फील्ड एम्यूनीशन डिपो (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 11 अगस्त 2007)

11 अगस्त, 2007 को दूसरी सेक्टर के फील्ड एम्यूनीशन डिपो में एक विस्फोट हुआ। घटना के तुरंत बाद नायब सूबेदार कुलवंत सिंह घटना क्षेत्र में पहुंच गए और आग बुझाने में अग्नि शमन दल के कर्मचारियों की मदद करने लगे । एक के बाद एक हो रहे विस्फोटों के कारण भीषण गर्मी और धुएं से पूरा इलाका भर गया था तब भी वह घायलों को सुरक्षित जगह पर ले जाते रहे । अपनी जान की परवाह न करते हुए वह घायलों को बचाने के लिए एक बार फिर से अंदर गए और भारी विस्फोटों के बीच दो और अग्नि शमन दल के लोगों को बचाया । तब तक और धमाके हो चुके थे और आसन्न खतरे के बावजूद उन्होंने विस्फोट क्षेत्र में घुसने का एक और अद्वितीय साहसिक कारनामा कर दिखाया ताकि और घायलों को बचाया जा सके और इस प्रकार उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान कर दिया ।

नायब सूबेदार कुलवंत सिंह ने उत्कृष्ट वीरता और निःस्वार्थ कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया और लोगों को बचाने में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया ।

4. **स्क्वाड्रन लीडर प्रणय कुमार (25603) उड़ान (पायलट)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 02 सितंबर 2007)

02 सितम्बर 2007 को स्क्वाड्रन लीडर प्रणय कुमार को बचाव मिशन के लिए अतिरिक्त पायलट के

को निकालना शामिल था । घुप अंधेरे की अवस्था में बिना दृश्य सहायता के ऑपरेशन करने में कोई लाभ नहीं हो रहा था । दल ने रात्रि दृश्य चश्मों की सहायता से मिशन को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया जिससे उनको बेहतर स्थैतिक जानकारी उपलब्ध हुई ।

जब विंच क्रेडल को नीचे किया गया तब उत्तरजीवी छह घंटे से अधिक समय तक जल धाराओं से संघर्ष करने के कारण अत्यधिक थक जाने की वजह से अपने आप को विंच से लपेट नहीं पाया । ऐसे मौके पर स्क्वाड्रन लीडर प्रणय कुमार उत्तरजीवी को बचाने के लिए स्वेच्छा से तुरंत आगे बढ़े । अपने जीवन के प्रति खतरे को भलीभांति जानते हुए भी उन्होंने फ्लाइट गनर को आपात सिगनल पर सूचना दी तथा घाटी में उतर गए । उन्होंने हैंड सिगनल का इस्तेमाल करते हुए हेलिकॉप्टर के चालक दल का मार्गदर्शन किया तथा अंधेरे और तेज जल प्रवाह के बावजूद वे उत्तरजीवी के पास पहुंचने में कामयाब हो गए । उत्तरजीवी के पास पहुंचने पर उन्होंने महसूस किया कि उत्तरजीवी को रस्सी से बांधने के लिए नीचे उतरने की जगह अपर्याप्त है । उन्होंने उत्तरजीवी को अपने शरीर से बांधने का तुरंत निर्णय लिया । जल के तेज प्रवाह में आधा डूबकर उन्होंने यह कार्य किया तथा उन्होंने उत्तरजीवी को कस कर पकड़े रखा तथा फ्लाइट गनर को ऊपर खींचने के लिए संकेत दिया । समस्त शारीरिक शक्ति का इस्तेमाल करते हुए स्क्वाड्रन लीडर प्रणय कुमार ने बचाव ऑपरेशन के सफल होने तक उत्तरजीवी को पकड़े रखा ।

स्क्वाड्रन लीडर प्रणय कुमार ने प्रतिकूल परिस्थितियों में साथी नागरिकों के जीवन को बचाने का प्रयास करते समय असाधारण साहस तथा बहादुरी का प्रदर्शन किया ।

5. **कांस्टेबल विजय कुमार हरेल**
सीमा सुरक्षा बल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 09 सितंबर 2007)

09 सितंबर 2007 को 1000 बजे एक वायुसेना एमआई-17 हेलिकॉप्टर बांदीपुर हेलिपेड पर उतरा । पुनःईंधन भरण के दौरान ईंधन टैंक के निकट अचानक आग लग गई तथा हेलिकॉप्टर आग की चपेट में आ गया । अग्नि अलार्म बजाया गया । इससे सीमा सुरक्षा बल की 51 बटालियन का द्रुत कार्रवाई बल सचेत हो गया जिसने तुरंत प्रतिक्रिया की और मौके की तरफ दौड़ा । कांस्टेबल विजय हरेल द्रुत कार्रवाई दल में शामिल थे । दल ने तुरंत प्रति कार्रवाई की तथा अग्निशमन कार्य शुरू कर दिया । कांस्टेबल हरेल बहादुरी से जलते हुए हेलिकॉप्टर पर चढ़े तथा ईंधन नलिका को हेलिकॉप्टर के ईंधन टैंक से अलग कर दिया । उन्होंने आग में फंसे एक सिपाही को भी सुरक्षित स्थान की ओर धकेला । श्री हरेल के सही समय पर बहादुरीपूर्ण कार्य से न केवल एक सिपाही का जीवन बचा बल्कि हेलिकॉप्टर को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सका तथा उड्डयन टर्बाइन ईंधन बैरलों को विस्फोटित होने से बचा लिया जो परिवार आवास, कार्यालयों तथा बैरकों के निकट पड़ी हुई थी । एक महा विपत्ति टाल दी गई ।

कांस्टेबल हरेल ने अपने जीवन को बड़े जोखिम में डालकर असाधारण बहादुरी तथा उच्च कोटि की व्यवसायिकता का प्रदर्शन किया ।

6. **आईसी-65732 कैप्टन राहुल सिंह**
गढ़वाल राइफल/14 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 सितंबर 2007)

17 सितंबर 2007 को रात को कैप्टन राहुल सिंह ने उत्तरी सेक्टर में जंगली इलाके में आतंकवादियों के उपस्थित होने की विशेष सूचना प्राप्त की । एक असंदिग्ध तथा दुर्गम पर्वतीय मार्ग के माध्यम से एक छोटे दल का नेतृत्व करते हुए उन्होंने एक छिपने के स्थान का पता लगाया । लगभग 0715 बजे छिपने के स्थान के निकट आते समय आतंकवादियों ने दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी । गोलियों की बौछार के बावजूद कैप्टन राहुल सिंह ने फौलादी इरादों तथा त्वरित कार्रवाई का प्रदर्शन करते हुए प्रति-गोलीबारी की तथा एक आतंकवादी को मार गिराया । दूसरा आतंकवादी एक चट्टान के पीछे कूद गया, एक हथगोला फेंका तथा अफसर पर पुनः गोलीबारी शुरू कर दी । आतंकवादी गोलीबारी के समक्ष अडिग निश्चय का प्रदर्शन करते हुए यह अफसर बिजली की सी गति से आगे बढ़े तथा चट्टानों के पीछे छलांग लगाकर आतंकवादी को घेर लिया तथा उसका सफाया कर दिया । फिर इस बहादुर अफसर ने अपने दल को निकट गोलीबारी सहायता मुहैया कराई जिसके फलस्वरूप तीसरे आतंकवादी का सफाया हुआ ।

कैप्टन राहुल सिंह ने आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई में भारतीय सेना की उच्च परम्पराओं के अनुरूप अत्यधिक खतरे में असाधारण कौशल, अद्वितीय साहस का प्रदर्शन किया ।

7. **15492544 सवार वरिन्द्र कुमार शर्मा**
कवचित रेजिमेंट/60 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 25 सितंबर 2007)

